हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref. HNBGU/DSW/ 2024/310 Date : 04 /07/2024

परिपत्र (Circular)

विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों के निदेशकों तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्यों/निदेशकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में स्नातक स्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया सीयूईटी (CUET) के माध्यम से तथा स्नातकोत्तर स्तर प्रथम सेमेस्टर में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सम्पन्न की जानी है। शैक्षणिक सत्र 2024–25 से विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों तथा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा स्नातक स्तर प्रथम सेमेस्टर में सीयूईटी तथा स्नातकोत्तर स्तर प्रथम सेमेस्टर में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा से चयनित छात्रों का प्रवेश समर्थ पोर्टल पर उनके द्वारा किए जाने वाले पंजीकरण के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। उक्त प्रक्रिया को समर्थ पोर्टल पर सक्रिय करने हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों का डेटा पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। समस्त महाविद्यालयों से वांछित डेटा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 02–07–2024 को ई–मेल के माध्यम से गूगल फॉर्म लिंक प्रेषित किया गया था जो कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा वर्तमान तक अप्राप्त है।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निम्न गूगल फॉर्म लिंक https://forms.gle/MbCXLWkjMz5thPAR7 पुनः इस आशय के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि दिनांक 05–07–2024 (5:00 बजे सायं) तक आवश्यक रूप से उक्त फॉर्म पर वांछित सूचनायें सबमिट करना सुनिश्चित करें। उक्त अंतिम तिथि तक सूचना प्रेषित न किए जाने की दशा में समर्थ पोर्टल सक्रिय करना संभव नहीं होगा जिसका उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

प्रो॰ एम॰एस॰ नेगी
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु एवं सूचनार्थ–

1. परिसर निदेशक, बिड़ला/एसआरटी, टिहरी/बीजीआर, पौड़ी परिसर।
2. समस्त प्राचार्य/निदेशक, सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. प्रभारी, सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति को सादर सूचनार्थ।
5. निजी सचिव, प्रति कुलपति महोदय।
6. निजी सचिव कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी।
7. नोडल अधिकारी, समर्थ प्रोजेक्ट मैंनेजमेंट यूनिट, हे.न.ब.ग.वि.वि.।
8. कार्यालय प्रति।

प्रो॰ एम॰एस॰ नेगी
अधिष्ठाता छात्र कल्याण